तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



2 5 लाख की ईनामी महिला नक्सली गीता उर्फ कमली...





2 जनता की सक्रिय भागीदारी से ही संभव हुआ प्रदेश ...





## खबर संक्षेप

### बैंकर्स इन्वेस्टर मीट की समन्वय बैठक आज

**जगदलपुर।** जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल सशक्तिकरण और विपणन के नए अवसरों से जोड़ने, औद्योगिक गतिविधि को बढ़ावा देने एवं उद्योग स्थापना संबंधी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से रेम्प योजना के अंतर्गत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट की समन्वय बैठक होगी। जिला व्याार एव उद्योग केन्द जगदलपुर द्वारा कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा हॉल में 16 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई है। क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुन्दर बिलुंग ने इस बारे में बताया कि उक्त कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों और हितग्राहियों की समस्याओं को बैंकर्स तक पहुंचाना है।

### दो आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा बस्तर तहसील के ग्राम चोकर निवासी ललिता यादव की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने से पिता सकरू यादव को 4 लाख की आर्थिक मदद दी है। तहसील भानपुरी के ग्राम बनियागांव निवासी जागेश्वरी मौर्य की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सुदरू मौर्य प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### पटाखा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कराया जाए पालन

**जगदलपुर।** जिला सेनानी नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा दीपावली पर्व के दौरान पटाखा दुकानों पर निर्धारित सुरक्षा मानकों का परिपालन सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उक्त सम्बन्ध में जारी परिपत्र में कहा गया है कि दीवाली पर्व के दौरान अस्थायी संरचना एवं पण्डालों में संचालित पटाखा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मापदंडों का पालन करने सहित अग्निशमन यंत्र को दुकानों पर रखते हुए आवश्यक सावधानियों को अपनाया जाए। किसी भी तरह की चूक अथवा सुरक्षा का पालन नहीं किए जाने पर संबंधित संचालक व दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे और संबंधित दुकान संचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यार्थियों को बताया हाथ धोने का महत्व



**जगदलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे स्वच्छ संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर सभी शालाओं में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को हाथ धोने के महत्व के बारे में बताया गया तथा सही तरीके से हाथ धोने के चरणों का डेमोंस्ट्रेशन भी दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम कलेक्टर हरिस एस. के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पाण्डे के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूनिसेफ के प्रतिनिधि द्वारा सहयोग प्रदान किया गया एवं शालाओं में संस्थान के शिक्षकगण विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें बच्चों को स्वच्छ आदतों को अपनाने, विशेषकर खाने से पहले और शौच के बाद हाथ धोने की आदत को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# 72 पटाखा दुकानों का हुआ आवंटन, 8 लाख 64 हजार का मिला राजस्व

## लालबाग मैदान में पटाखा दुकानों के लिए अस्थाई प्लॉट बांटे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दीपावली पर्व को देखते हुए नगर निगम शहर के लालबाग मैदान के सनसिटी गेट की ओर फुटकर पटाखा दुकान लगाने के लिए अस्थाई प्लॉटों का आवंटन किया गया। जिसमें 72 पटाखा दुकानों का आवंटन किया गया। प्रत्येक दुकान के लिए 15×15 फीट का प्लॉट आवंटित किया गया है। पंजीयन शुल्क 12 हजार रुपए निर्धारित किया गया। 8 लाख 64 हजार नगर निगम को राजस्व की प्राप्ति हुई। कलेक्टर बस्तर द्वारा कुल 102 पटाखा व्यापारियों को लाइसेंस जारी किया गया। नगर निगम की ओर से प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया लॉटरी पद्धति से पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा, राजस्व निरीक्षक राकेश यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक चंदन प्रजापति, नागेंद्र रणदिवे, राकेश नाग एवं संतोष बघेल की उपस्थिति रही। दो दुकानों के बीच 10 फीट का अंतर सुरक्षा मानकों के अनुसार छोड़ा गया। आवंटन प्रक्रिया महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन, आयुक्त प्रवीण वर्मा की सहमति से की गई। नगर निगम द्वारा अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के लिए अग्निशमन वाहन और कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके।



### दुकानदार अग्निशमन यंत्र हर हाल में रखें

*राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा सभी पटाखा दुकानदार विक्रेता अग्निशामक यंत्र जरूर रखें। पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बास, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए।*

# प्रावधानों के उल्लंघन पर 5 निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर एक लाख का लगा जुर्माना

## जिला नर्सिंग होम एक्ट समिति ने निजी स्वास्थ्य संस्थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 15 संस्थानों के पंजीयन आवेदन अस्वीकृत

जिले में संचालित निजी स्वास्थ्य केन्द्रों, डायग्नोस्टिक लैब, कलेक्शन सेंटर इत्यादि के सम्बन्ध में जिला नर्सिंग होम एक्ट समिति द्वारा निरीक्षण कार्रवाई के दौरान नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन सहित विपरीत कार्य करने एवं नियमों के पालन में कमियां पाये जाने के कारण 5 निजी स्वास्थ्य संस्थानों को प्रति संस्था 20 हजार रुपए का जुर्माना कुल एक लाख रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित करने की अनुशंसा की गई है। जिसके तहत स्पर्श पॉलीक्लीनिक, स्पर्श पैथोलॉजी लैब, बालाजी पॉलीक्लीनिक, मेडिकेयर पैथोलॉजी लैब एवं बालाजी डायग्नोस्टिक सर्विसेस पर जुर्माना लगाने की अनुशंसा जिला नर्सिंग होम एक्ट समिति के द्वारा की गई है। साथ ही नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत लंबित आवेदनों के विषय में समिति द्वारा आवेदनों का अवलोकन करने सहित अपूर्ण तथा नियमों से संबंधित अहर्ता पूर्ण नहीं होने के कारण 15 निजी स्वास्थ्य संस्थानों के पंजीयन संबंधी आवेदन पत्रों को अस्वीकृत करने की अनुशंसा की गई है। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार पर समिति ने वशिष्ठ आयुर्वेदिक क्लीनिक धरमपुरा से संबंधित कलेक्शन सेंटर, संजीवनी क्लीनिक नगरनार, डॉ. गोपेश कुमार क्लीनिक पुराना गीदम रोड, डॉ. आजाद डायग्नोस्टिक चोकावाड़ा, डॉ. आजाद डायग्नोस्टिक प्रताप देव वार्ड, पंजाब पॉलीक्लीनिक ⏭ शेष पेज 2 पर




### झोलाछाप डाक्टरों पर भी हो रही कार्रवाई

जिला नर्सिंग होम एक्ट समिति के नोडल अधिकारी डॉ. भवर शर्मा ने इस बारे में बताया कि उक्त संस्थाओं का आवेदन अस्वीकार करने की अनुशंसा जिला समिति द्वारा की गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं परिवेक्षी अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट हरिस एस ने निर्देशित किया है कि जिला समिति के द्वारा कार्ययोजना बनाकर ऐसी संस्थाएं जो बिना उचित पंजीयन के राज्य के बाहर के चिकित्सकों के माध्यम से सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व से पंजीकृत सभी स्वास्थ्य संस्थाओं, अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैब इत्यादि की पुनः जांच कर कमियां पाए जाने पर और जिन संस्थाओं के द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, उन्हें बंद करने की नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। जिला समिति नर्सिंग होम एक्ट के द्वारा ग्रामीण इलाकों में अवैध चिकित्सकों, झोलाछाप डॉक्टरों एवं अवैध लैब संचालकों पर भी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर बस्तर के निर्देशानुसार निरीक्षण दल बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की सेवा में कमी न हो तथा बेहतर एवं वैधानिक रूप से सही निजी स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को मिल सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग आगे भी सजगता के साथ लगातार कार्रवाई जारी रखेगी।

# हजारों रुपए की नशीली टेबलेट के साथ नशे के सौदागर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बोधघाट पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नशे के खिलाफ चलाए जा रहो अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने तीन आरोपियों को नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेजा गया। नशीली दवा के साथ ग्राहक का इंतजार कर रहे आरोपियों की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम ने मुखबिर के बताये स्थान में जाकर संदेही की तस्दीक किया गया और तीन संदेही को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम संतोष पटनायक निवासी नयापारा, गिरजा शंकर सेठिया निवासी ग्राम आसना छेपड़ागुड़ा पारा तथा भरतलाल यादव निवासी ग्राम बस्तर बाजारपारा का रहने वाला बताया। आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक झिल्ली ⏭ शेष पेज 2 पर



### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, आरक्षक होरीलाल आर्मो, कामदेव दर्रो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रेल प्रशासन की कार्रवाई से हुआ 32 परिवार बेघर, कांग्रेस का धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सरकार पीड़ितों को दें आवास

पूर्व तट रेलवे के विशाखापटनम मंडल अंतर्गत जगदलपुर रेलवे क्षेत्र में अतिक्रमण बताकर 32 मकानों को चार दिन पहले जेसीबी से तोड़े जाने के बाद अब विरोध की लहर तेज हो गई है। प्रशासनिक कार्रवाई में वर्षों से रह रहे गरीब परिवार बेघर हो गए, जिससे दीपावली से पहले उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित परिवारों ने नगर निगम कार्यालय के सामने मंगलवार से धरना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार तथा नगर निगम से वैकल्पिक आवास और मुआवज़े की मांग की है। धरने को जिला कांग्रेस कमेटी बस्तर का समर्थन मिला है। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी और कांग्रेस पार्षद दल के सदस्य धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों के साथ केंद्र और राज्य सरकार के जनविरोधी कार्रवाई पर आक्रोश जताया। आज धरना में पीड़ित परिवार के साथ ⏭ शेष पेज 2 पर



### पुनर्वास और मुआवजे की मांग

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को आवास देने की बात करते हैं, लेकिन दीपावली से पहले गरीबों के घर तोड़कर उन्हें बेघर किया जा रहा है। यह दोहरी नीति और अमानवीय कदम है। पीड़ितों का कहना है कि वे वर्षों से वहां रह रहे थे। बिजली बिल, जलकर शुल्क और अन्य शुल्कों का भुगतान नियमित करते रहे हैं। बावजूद इसके उन्हें नोटिस दिए बिना मकान तोड़ दिए गए। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से तत्काल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास और मुआवजे की घोषणा की मांग की है।



### सीआरपीएफ जवानों को दिया गया सीपीआर देने का प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** आमतौर पर लोगों को कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन याने सीपीआर की जानकारी नहीं होती, जिससे अचानक हृदय गति रुकने या सडन कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में पीड़ित की मौत हो जाती है। अगर प्रशिक्षित व्यक्ति समय पर पीड़ित को सीपीआर देता है, तो काफी जिंदगियां बचायी जा सकती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों को सीपीआर देने के गुर सिखाने का फैसला लिया है। इसी कड़ी में डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के एनेस्थिसियोलॉजी विभाग द्वारा 13 से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी सीपीआर जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मेकाज के एमबीबीएस स्टूडेंट, नर्सिंग स्टॉप और सुरक्षा गार्ड और आम जनता को भी सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया गया। आगामी दिनों पुलिस और सीआरपीएफ जवानों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया डॉ. चित्रकांत काशी ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर सीपीआर जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

# आगामी धान खरीदी कार्य का पारदर्शिता और सतर्कता के साथ करें संपादन

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि आगामी धान खरीदी कार्य को पारदर्शिता और सतर्कता के साथ संपादन किया जाए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र की प्राथमिक तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए 12 संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा सीमावर्ती जांच नाकों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदार को अपने अनुभाग क्षेत्र में लगातार छापामार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित भी किया। कलेक्टर हरिस ने मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के एजेंडा पर जिला स्तर पर महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु चर्चा करते हुए कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत किया जाना है। उन्होंने जिले में गिरदावरी कार्य के तहत डीसीएस रिपोर्ट एवं गिरदावरी रिपोर्ट में पाए गए अंतर का समितिवार जांच कर सुधार करवाने के निर्देश दिए। धान संग्रहण केंद्र से पिछले वर्ष की धान का उठाव नहीं हुआ उसके संबंध में भी चर्चा किए। समिति स्तर से भी एग्रीस्टैक में पंजीयन बढ़ाएं। पंचायतों में एग्रीस्टैक पंजीयन की सूचना के तहत चस्पा कर किसानों को जानकारी दी जाए, बिना एग्रीस्टैक पंजीयन के धान की विक्रय नहीं किया जा सकेगा इसलिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। पीएम किसान सम्मान निधि में एक माह के अंदर लक्षित किसानों को चिन्हाकित करना है और हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच करना एवं एफआरए हितग्राहियों की भी सूची तैयार करने के निर्देश ⏭ शेष पेज 2 पर






# 5 लाख की ईनामी महिला नक्सली गीता उर्फ कमली सलाम ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पूर्वी बस्तर डिवीजन की टेलर टीम कमांडर पद पर रही महिला नक्सली गीता उर्फ कमली सलाम ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। शासन द्वारा घोषित 5 लाख की इनामी नक्सली गीता सलाम ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बलों के लगातार अभियान, संगठन में बढ़ते आंतरिक मतभेद, वरिष्ठ नक्सलियों के आत्मसमर्पण और पारिवारिक जीवन की इच्छा ने गीता सलाम को संगठन छोड़ने पर मजबूर किया। महिला माओवादी ने बताया कि अब वह शांतिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन जीना चाहती हैं। छत्तीसगढ़ शासन की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास प्रोत्साहन नीति–2025 से प्रभावित होकर गीता ने आत्मसमर्पण किया। शासन द्वारा उन्हें 5 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। शासन का यह कदम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार भा.पु.से. के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, उप पुलिस अधीक्षक संजीव शर्मा, तथा अन्य अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे। आत्मसमर्पण के बाद महिला नक्सली को शासन की नीति के अनुसार सुरक्षा व पुनर्वास सहायता दी गई।



## कई गंभीर नक्सली घटनाओं में थी संलिप्त

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गीता सलाम के विरुद्ध थाना बयाना जिला कोण्डागांव में कई गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं। इनमें वर्ष 2014 में मड़गांव क्षेत्र में हत्या, हमला, पुलिस पार्टी पर फायरिंग एवं ग्रामीणों को धमकाने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। इन पर धारा 147, 148, 149, 302, 307, 395, 396, 120–बी भादंवि एवं एससी/एसटी एक्ट की धाराएँ लगी हैं। कोंडागांव जिले में सड़कों, बिजली, पानी, मोबाइल नेटवर्क और शिक्षा जैसी सुविधाओं के विस्तार से जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इन विकास कार्यों और प्रशासन की जनसंवाद नीति ने नक्सलियों को मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है।

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी, गिरफ्तार



**फरसगांव।** ब्लॉक के उरन्दाबेड़ा थाना पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी ग्राम राजनगर (बकावंड) मनोज बिसाई पिता स्व बैद्यराज को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के बाद से आरोपी डेढ़ साल से फरार चल रहा था। आरोपी द्वारा स्वयं को कलेक्टर कार्यालय कोण्डागांव में श्रम विभाग का कर्मचारी बताकर शिक्षा विभाग में चपरासी की नौकरी लगवाने के नाम पर प्रार्थी से 2.50 लाख व अन्य लोगों से करीब 15 लाख की ठगी कर फरार हुआ था। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन और एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में साइबर सेल की मदद से उरन्दाबेड़ा पुलिस ने आरोपी को केशकाल बस स्टेशन से घेराबंदी कर पकड़ा गया और विधिवत कार्यवाही के बाद 12 अक्टूबर को आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रोशन कौशिक, सहायक उप निरीक्षक सुरेश मरकाम, प्रदीप साहू, प्रधान आरक्षक राजेंद्र बघेल, सहदेव कुंजाम, आरक्षक ईश्वर सिंह नेताम, शंभू मंडावी, निर्मल मरकाम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### थ्रेसर मशीन में दबने से युवक की मौत

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरा गांव में मंगलवार को शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। रिपेयरिंग के दौरान थ्रेसर मशीन में दबने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरा निवासी 28 वर्षीय युवक राजकुमार पटेल पिता नकुल राम पटेल



मंगलवार की शाम बजे घर के सामने थ्रेसर मशीन का चक्का खराब होने से थ्रेसर मशीन के चक्का को निकाल कर ईंट पत्थर का सपोर्ट देकर थ्रेसर मशीन का रिपेयरिंग कर रहा था। शाम करीब 7:30 बजे थ्रेसर मशीन लुढ़क कर राजकुमार पटेल के ऊपर गिर गया और थ्रेसर मशीन के नीचे युवक दब गया। परिवार व आसपास उपस्थित लोगों ने तत्काल थ्रेसर मशीन के नीचे दबे राजकुमार को बाहर निकलकर उसे निजी वाहन से तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। राजकुमार के सीने आए हाथ पैर में अंदरूनी चोट गई थी। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर बुधवार को फरसगांव थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सुपुर्द कर जांच विवेचना कर रही है। युवक की अचानक इस तरह हादसे में मौत होने से उनके परिजनों एवं दोस्तों में दुख व्याप्त है। मृतक सरल एवं शांत स्वभाव का था।

## आयोजन : मांझीआठगांव में धूमधाम से मना छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025

# जनता की सक्रिय भागीदारी से ही संभव हुआ प्रदेश का तेजी से विकासः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

छत्तीसगढ़ के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में फरसगांव ब्लॉक के ग्राम मांझीआठगांव में 'छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम न सिर्फ राज्य की विकास यात्रा का प्रतीक बना, बल्कि लोगों में गर्व और उत्साह का वातावरण भी देखने को मिला।

- लोकनृत्य, पारंपरिक व्यंजन और उत्साह से भरा रहा जश्न

इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने मंच से प्रदेश के विकास कार्यों और जनसहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि, यह महोत्सव सिर्फ सरकार की उपलब्धियों का नहीं बल्कि हर नागरिक के योगदान का उत्सव है। पिछले 25 सालों में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह पूरे देश के लिए मिसाल है। अपने संबोधन में विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि प्रदेश का विकास तभी संभव हुआ जब जनता ने सरकार के हर कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की असली ताकत उसकी जनता है। आज हमारा राज्य देश के प्रगतिशील राज्यों में गिना जाता है, और इसका श्रेय किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की मेहनत को जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले वर्षों में सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए कई योजनाएं शुरू करने जा रही है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे मिलजुलकर प्रदेश को और ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें। मांझीआठगांव का यह रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ी परंपराओं की झलक से भरपूर रहा। आयोजन स्थल को स्थानीय संस्कृति के अनुरूप सजाया गया था। मंच पर छत्तीसगढ़ी लोकगीत, नाचा-गम्मत, पारंपरिक नृत्य और लोक कलाकारों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, युवा और महिलाएं शामिल हुए। पूरे माहौल में लोकसंस्कृति और गर्व की भावना झलक रही थी।




### 25 साल की गौरवशाली यात्रा को दी नई दिशा

रजत जयंती समारोह के जरिए मांझीआठगांव ने विकास और जनभागीदारी के नए संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ की 25 साल की यात्रा को एक नई दिशा दी। यह आयोजन न केवल राज्य की उपलब्धियों को याद करने का अवसर बना, बल्कि आने वाले समय में एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की प्रेरणा भी बना। विधायक ने कार्यक्रम के अंत में कहा, हम सब मिलकर आने वाले 25 वर्षों में ऐसा छत्तीसगढ़ बनाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक गौरव में देश का अग्रणी राज्य बने।

## सितली में हुआ रजत जयंती महोत्सव एवं पंचायत सम्मेलन

**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत सितली जनपद पंचायत कोंडागांव में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत पदाधिकारियों का सम्मेलन एवं कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोंडागांव विधानसभा की विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। केवाईसी किया गया तथा बस्तर ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पंजीयन भी संपन्न हुआ। विधायक ने ग्रामीणों को खेलकूद में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक आवेदन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक सिर्फ खेल का नहीं, बल्कि एकता और उत्साह का प्रतीक है। आयोजन में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके लाभों को समझाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदकुमार राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित क्षेत्र के कई पंच–सरपंच और ग्रामीणजन शामिल हुए।



# साइबर ठगी पर सर्जिकल स्ट्राइक, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए म्यूल बैंक खाता धारक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खाते में 51,32,024 की अवैध ट्रांजेक्शन की पुष्टि हुई सि ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी यामिनी सोरी, पिता चितु राम सोरी उम्र 21 वर्ष निवासी जामकोट पारा कोंडागांव, आदिल खान पिता अब्दुल नसीम खान उम्र 24 वर्ष निवासी जामकोट पारा कोंडागांव ने संयुक्त रूप से अपने इंडियन ओवरसीज बैंक खाते



का दुरुपयोग करते हुए अवैध ट्रांजेक्शन किया। सायबर सेल, कोंडागांव को भारत सरकार के गृह मंत्रलय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध पोर्टल से शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतों के आधार पर पता चला कि आरोपियों ने खाता क्रमांक के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से 51 लाख से अधिक की रकम का गैरकानूनी लेनदेन किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 329/2025 धारा 317(2), 317(5), 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### लालच बना गिरफ्तारी की वजह

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में आकर अपने बैंक खाते को साइबर ठगों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया था। जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर दोनों को 13 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कोंडागांव निरीक्षक टामेश्वर चौहान, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, प्रधान आरक्षक अजय बघेल, उप निरीक्षक नवल सिंह कोडोपी, प्र. आरक्षक पवन मंडावी, संतोषी मंडावी, हरविन्द दर्रो का विशेष योगदान रहा। पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी परिस्थिति में अपना बैंक खाता, एटीएम या यूपीआई जानकारी दूसरों को न दें।

## पेज 3 के शेष

### प्रावधानों के उल्लंघन....

प्रताप देव वार्ड, स्वास्थ्य हित पॉलीक्लीनिक सेमरा, प्रीयांश पॉलीक्लीनिक परपा नाका, डॉ. हेमंत कुमार कलेक्शन सेंटर बालाजी वार्ड, डॉ. सोनी पॉलीक्लीनिक भैरम देव वार्ड, पैथोलॉजी लैब कलेक्शन सेंटर उसरीबेड़ा, राधा-स्वामी हॉस्पीटल आडावाल, डॉ. योगिता पॉलीक्लीनिक कस्तुरी, दंतेश्वरी ट्रॉमा एण्ड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल धरमपुरा रोड और उज्जवल डाइग्नोस्टिक सेंटर डॉ. लागू हास्पीटल रोड का निरीक्षण किया गया।

### हजारों रुपए की ...

में रखा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट कीमत 3258 रुपए जब्त किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### रेल प्रशासन की कार्रवाई ...

पूर्व विधायक रेखचन्द जैन समेत जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, नेताप्रतिपक्ष राजेश चौधरी, संजय गांधी वार्ड पार्षद कोमल सेना, सूर्या पानी, लोकेश चौधरी, विक्रम डांगी, शंकर राव, जोष्टिन भवानी, लता निषाद, एस नीला, परमजीत जसवाल, निर्मल लोढ़ा, एम ज्योति राव सहित अन्य शामिल थे।

### आगामी धान खरीदी ....

दिए। उन्होंने कहा कि नामांतरण के कार्य में लापरवाही होने पर संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।
**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






## सरपंच संघ ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# 15वां वित्त आयोग, डीएमएफटी एवं नल-जल योजना का फंड 8 माह से लंबित, ग्राम विकास कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बकावंड ब्लॉक की 35 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरपंचों ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले 8 महीनों से पंचायतों को 15वीं वित्त आयोग, डीएमएफटी तथा नल-जल योजना के अंतर्गत स्वीकृत फंड प्राप्त नहीं हुए हैं, जिसके कारण ग्रामीण विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। ग्राम स्तर पर मूलभूत सेवाएं बाधित हो गई हैं। उपाध्यक्ष गोपाल कश्यप, सचिव संतोष कुमार कश्यप ने कहा कि फंड की अनुपलब्धता के चलते पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्य, पेयजल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्वच्छता अभियान और शैक्षणिक संस्थानों की मरम्मत कार्य सभी ठप हैं।



उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से पंचायतें बिना फंड के काम कर रही हैं। ग्राम सभाओं में स्वीकृत प्रस्ताव कागजों में सीमित रह गए हैं। ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिससे जनता में असंतोष और निराशा बढ़ रही है।

### मरम्मत नहीं होने से टंकियां खराब

सरपंच संघ ने यह भी बताया कि अनेक पंचायतों में नल-जल योजना के अंतर्गत लगाए गए हैंडपंप और टंकियां मरम्मत के अभाव में खराब हो चुके हैं। कई स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हुई है। वहीं सड़क और पुल-पुलिया निर्माण के अधूरे कार्य लंबे समय से रुके पड़े हैं।

### पंचायतों की आर्थिक स्थिति संकट में

सरपंचों का कहना है कि 15वां वित्त आयोग का फंड पंचायतों के लिए जीवनरेखा की तरह है। इससे ही पंचायतें अपने नियमित प्रशासनिक कार्य, सफाई व्यवस्था, पेयजल रखरखाव, रोशनी व्यवस्था, स्कूली बच्चों के लिए सुविधा और गांव की छोटी योजनाओं को पूरा कर पाती हैं। लेकिन आठ महीनों से राशि न आने के कारण ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति संकट में है। संघ के पदाधिकारियों ने इस मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से भी फंड जारी करने का अनुरोध किया गया है।

# नारायणपुर सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार के खिलाफ हो एफआईआर : समीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



मर्दापाल ब्लॉक नारायणपुर में आम आदमी पार्टी की बैठक में संगठनात्मक मजबूती एवं क्षेत्र की जमीनी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में नारायणपुर जिले की जर्जर सड़कों, सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और आम जनता की उपेक्षा को लेकर चिंता जताई गई। आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री समीर खान ने कहा कि नारायणपुर जैसे अबूझमाड़ क्षेत्र में शासन-प्रशासन की पकड़ कमजोर होती जा रही है। अधिकारी और ठेकेदार मिलकर खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं और सरकार आंख मूंदे बैठी है। सड़कों की हालत इतनी खराब है कि उन पर चलना जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत प्रभाव से निष्पक्ष जांच कराए और दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। लोकसभा अध्यक्ष बस्तर नरेंद्र नाग ने कहा कि पिछले दो वर्षों से नारायणपुर से गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कें खस्ताहाल हैं, लेकिन क्षेत्रीय विधायक और मंत्री केदार कश्यप इस ओर कोई रुचि नहीं ले रहे हैं।

- दो वर्षों से नारायणपुर से गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कें खस्ताहाल : नरेंद्र

प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लू भवानी ने कहा कि लगातार सड़कें बिगड़ती जा रही हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि इसके पीछे कुछ बड़ी कंपनियों का दबाव है। जब तक इस दबाव को नहीं रोका जाएगा, सड़क निर्माण संभव नहीं है। सरकार को चाहिए कि इन कंपनियों के प्रभाव को अस्थायी रूप से रोके और सड़कें ठीक कराए।

### सड़क हादसा होगा, तो कौन होगा जिम्मेदार

संगठन मंत्री समीर खान ने सवाल उठाया कि अगर इन सड़कों पर कोई हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? भाजपा की सरकार केवल उद्योगपतियों के लिए कार्य कर रही है, आम जनता की समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। जिला अध्यक्ष परमिट दुर्गा ने स्वास्थ्य सुविधाओं की भी बात उठाई और कहा कि लोग इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त है। यह दोहरी इंजन वाली सरकार केवल दिखावे की सरकार बनकर रह गई है।




# विपक्ष की आवाज दबाने का कार्य कर रही निगम सरकार : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में प्रेसवार्ता में निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी तथा शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने नगर सरकार पर कई आरोप लगाए।

- नेता प्रतिपक्ष ने मांगा जवाब महापौर 4 महीने पहले बनी सड़क की खराबी बताए
- पत्रवार्ता में कांग्रेस ने नगर सरकार पर लगाए कई आरोप

उन्होंने कहा नगर निगम के सामान्य सभा में सभापति और महापौर के द्वारा एक तरफा कार्रवाई करते हुए विपक्ष के आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। विपक्ष के किसी भी सदस्य को बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा था। आसंदी से स्पीकर के द्वारा लगातार भेदभावपूर्ण व्यवहार करके विपक्ष के सवालों को जनहित के मामलों को दबाने का पूरा प्रयास करते रहे। पुराने सामान्य सभा में उठाए गए प्रश्नों के जवाब आज तक नहीं दिया गया। जिस पर सदन से किसी भी प्रकार का सकारात्मक जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इस वजह से इस सामान्य सभा में प्रश्न लगाना उचित नहीं लगा। फिर भी कांग्रेस के चार पार्षद द्वारा प्रश्न लगाए थे परंतु उन प्रश्नों को समय सीमा पर नहीं लगाया गया। इस प्रकार के दोहरा मापदंड स्पीकर के द्वारा किया जा रहा है।



**बिजली बिल हाफ योजना बंद :** नेता प्रतिपक्ष ने कहा भूपेश बघेल सरकार द्वारा दी जा रही बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया गया। प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी को समय आने पर जवाब देगी। प्रेसवार्ता में प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, पार्षद सूयापानी, शुभम यदू, जस्टिन भवानी मौजूद रहे।

नेता प्रतिपक्ष ने मल्टी स्टोरी पार्किंग स्थित भूमि का मामला जिसके लिए पूरा शहर सामान्य सभा में होने वाले निर्णय का इंतजार कर रहा था ऐसे जनहित के मामले एवं नीतिगत मामलों को सामान्य सभा के पटल से महापौर के द्वारा गायब किया गया। 5 दिन पहले रोड शिपिंग मशीन का उद्घाटन किया था 4 दिन मशीन चली नहीं और गैराज पहुंच गई।



Ajay Advt.




